
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**




पत्रकार वार्ता के दौरान रघुनाथ सिंह नेगी।

## टेण्डर घोटाले में अधिशासी अभियंता को जारी की चार्जशीट

**संवाददाता** देहरादून। जनसंघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि वर्ष 2017 में निर्माण खण्ड, लोनिवि के अधिशासी अभियन्ता वाईएन राजवंशी ने विधानसभा विकासनगर के आठ कार्यों हेतु ठेकेदारों व समाचार पत्रों से सांठ–गांठकर 2 करोड़ से अधिक मूल्य के टेण्डर प्रकाशन का ढोंग कर अपने चहेते ठेकेदारों को मात्र 0.06 फीसदी कम पर सभी टेण्डर स्वीकृत कर दिये।

मोर्चा द्वारा इस घोटाले की तह में जाकर इसका पर्दाफाश किया गया तथा शासन व सूचना आयोग में लम्बी लड़ाई लड़ी गयी, जिसकी गम्भीरता को देखते हुए अपर मुख्य सचिव, लोनिवि तथा विभागीय मन्त्री, मुख्यमन्त्री ने मामले की जॉच करायी, जिसमें जॉच की पुष्टि हुई।

नेगी ने कहा कि उक्त अधिकारी द्वारा समाचार पत्रों की मात्र 4–5 प्रतियों (सिर्फ विभागीय खाना पूर्ति हेतु) में टेण्डर विज्ञापित कराया गया तथा आमजनमानस में वितरित होने वाले समाचार पत्रों में उक्त विज्ञापन नहीं छपवाया गया।

## पुण्यतिथि पर पदम कुमार जैन को अर्पित की श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय पदम कुमार जैन की पांचवी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, इसमें सभी सदस्यों ने भाग लिया। मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन जैन ने कहा कि पदम कुमार जैन हमारे बीच में नहीं हैं मगर उनका आशीर्वाद और उनके जो आदर्श थे वह हमारे साथ हैं। उनका हमेशा यही प्रयास रहता था कि कभी किसी दीन दुखी को सताया ना जाए। उनका हमेशा यही मानना रहा है कि नर सेवा नारायण सेवा। उन्हीं के आदर्शों पर चलते हुए सभी सदस्यों का हमेश यह प्रयास रहता है कि हमेशा दीन दुखियों की मदद हो। कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति या कोई भी जन जिस को किसी भी चीज की आवश्यकता होती है मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन हमेशा उसके साथ खड़ा रहता है। इस मौके पर मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन की प्रदेश अध्यक्ष मधु जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष लच्छू गुप्ता, राजकुमार तिवारी, राहुल चौहान आदि उपस्थित रहे।

# एक सप्ताह के भीतर मण्डी परिषद को उपलब्ध कराया जाए धन

**बैठक**

### नौथा में एग्रो क्लस्टर स्थापित करने को धन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के कृषि मंत्री सुबोध उनियाल ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में टिहरी गढ़वाल जनपद के नौथा में एग्रो क्लस्टर स्थापित किये जाने विषय पर समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा एग्रो क्लस्टर स्थापित करने के लिए धन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा एक सप्ताह के भीतर मण्डी परिषद को धन उपलब्ध कराया जाए।

इनमें से मण्डी बोर्ड को 5.75 करोड़ रू0 का प्रबन्ध करना है। मण्डी बोर्ड 5 करोड़ रू0 लोन द्वारा और 75 लाख रू0 अन्य संसाधनों से धन का प्रबन्धन करेंगी तथा 3 करोड़ सीड्स सर्टिफिकेशन बोर्ड का प्रबन्ध करेगी तथा हार्टिकल्चर मार्केटिंग बोर्ड को 4 करोड़ रू0 का प्रबन्ध करेगी तथा 50 लाख रू0 आर्गेनिक बोर्ड प्रबन्ध करेगी। राज्य सरकार से एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर में मेगा फूड पार्क जैसी सुविधाओं का भी इस योजना में छूट दी जायेगा। नौथा स्थित भूमि पर निजी फर्मों द्वारा स्थापित की जाने वाली 5 यूनिट्स को आबंटित भू–खण्ड का क्षेत्रफल डीपीआर तैयार किया जायेगा। किसान सम्पद्ध योजना के अन्तर्गत ग्राम नौथा में कुल 4.144 भूमि एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर की स्थापना की जायेगी। उक्त भूमि में 2.486 हेक्टेयर भूमि कृषि विभाग तथा 1.658 हेक्टेयर कृषि काश्तकार की निजी भूमि है।

कृषि विभाग के नाम भूमि 2.486 हेक्टेयर भूमि मण्डी परिषद को लीज पर दी जा चूकि है। निजी काश्तकारों की 1.658 हेक्टेयर, 4 एकड़ भूमि मण्डी परिषद द्वारा क्रय किया गया है। इस अवसर पर सचिव उद्यान डी. सेंथिल पाण्डियन, प्रबन्ध निदेशक जैविक उत्पाद परिषद विनय कुमार, अपर निदेशक कृषि के.सी. पाठक, महाप्रबन्धक मण्डी बोर्ड विजय कुमार, प्रबन्ध निदेशक मण्डी परिषद बी. एस.चलाल इत्यादि मौजूद थे।



कृषि मंत्री सुबोध उनियाल अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

## न्यूज डायरी

### 108 एवं खुशियों की सवारी के पूर्व फील्ड कर्मचारियों का धरना जारी

देहरादून **(ईएमएस)**। समायोजन, बहाली एवं पूर्व की भांति वेतन भत्ते दिये जाने की मांग को लेकर आपातकालीन सेवा 108 एवं खुशियों की सवारी के पूर्व फील्ड कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन धरना व प्रदर्शन को 32वें दिन भी जारी रखते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपने क्रमिक अनशन को जारी रखा। इस अवसर पर पूर्व कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार को जमकर कोसा और कहा कि पूर्व में मुख्य सचिव ने दो दिन का आश्वासन दिया लेकिन आज तक इस ओर किसी भी प्रकार की कोई कार्ययोजना तैयार नहीं की गई है।

### सामाजिक विकलांगता बहुत बड़ी समस्या: डॉ. कैरन माथियास

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में युवा, जो मानसिक परेशानी का अनुभव करते हैं जिसे मनो–सामाजिक विकलांगता भी कहा जाता है, अक्सर उन्हें कलंक, बहिष्कार का अनुभव करना पड़ता है और जहां वे रहते हैं, उनके स्कूलों और समुदायों में उनके साथ भेदभाव किया जाता है। इमैनुएल हॉस्पिटल एसोसिएशन और मेलबोर्न विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने हाल ही में शोध को प्रकाशित किया है जिसमें मनो–सामाजिक विकलांगता वाले 142 युवाओं के बीच एक कार्यक्रम नई दिशा की प्रभावशीलता को दिखाता है। जिसने समुदाय में उनके समावेश को बढ़ाया और उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार लेकर आया। अधिकांश युवा, देहरादून शहर या उसके आस–पास के इलाकों, कुछ मलिन बस्तियों और कुछ देहरादून जिले के ग्रामीण इलाकों में जैसे सहसपुर रहते हैं।

### हंगामा ने लॉन्च की ओरीजिनल युवा कॉमेडी, 'ब्वॉयज विद ट्वायज'

**संवाददाता** देहरादून। भारत की अग्रणी डिजिटल मनोरंजन कंपनी हंगामा ने आज अपना नवीनतम ओरिजनल शो 'बॉयज विद टॉयज' लॉन्च किया। युवाओं पर आधारित यह कॉमेडी शो आदि और जिग्गी की जिंदगी के इर्द–गिर्द घूमता है। हंगामा डिजिटल मीडिया के संस्थापक और सीईओ नीरज रॉय इस नवीनतम ओरिजनल शो के बारे में कहते हैं, ''हंगामा के ओरिजिनल शो हमें उन कहानियों की खोज में सक्षम बनाते हैं, जो डिजिटल मीडिया के लिए एकदम नई हैं और वैश्विक दर्शक वर्ग की प्रशंसा भी पा सकती हैं। हमें यकीन है कि हमारी आगामी शानदार कहानियां और सशक्त वितरण रणनीति हंगामा प्ले पर दर्शकों के हमारे आधार को वित्तीय वर्ष 2019 के अंत तक सहायक साबित होंगी।''



## पुल के धीमे निर्माण पर भड़के विधायक गणेश जोशी

**संवाददाता** देहरादून। मसूरी विधानसभा अंतर्गत केन्ट को जेंतनवाला को जोड़ने वाले पुल के अत्यधिक धीमे निर्माण की की शिकायतों पर मसूरी विधायक गणेश जोशी द्वारा विभागीय अधिकारियों को साथ में लेकर पुल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के अधीशासी अभियंता जगमोहन सिंह चौहान, सहायक अभियंता, तरुण कपिल, कनिष्ठ अभियंता गोविंद सिंह रावत तथा पुल निर्माण कर रहे ठेकेदार नितिन गर्ग मौके पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक गणेश जोशी ने पुल के बेहद धीमे निमार्ण पर रोष जताते हुए कहा 10 से 15 हजार लोग इस पुल निमार्ण में हो रही देरी का खामियाजा भुगत रहे हैं, और आप अधिकारीगण प्रकरण को अपेक्षित गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।